# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025






## बार कौंसिल को चुनाव शेड्यूल पेश करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

हाईकोर्ट ने स्टेट बार कौंसिल के चुनाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को बार कौंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार कौंसिल दोनों को प्रस्तावित चुनाव का शेड्यूल बनाकर पेश करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को निर्धारित की गई है।



इससे पूर्व छत्तीसगढ़ बार कौंसिल में पिछले 6 सालों से चुनाव नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने 18 फरवरी 2015 को हुई सुनवाई के बाद दिए आदेश के परिपालन के बारे में पूछा और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अधिवक्ता के माध्यम से शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश में राज्य बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव से मांगे गए हलफनामे के बारे में जानकारी ली, जिस पर बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव द्वारा शपथ पत्र डिस्पैच किए जाने की जानकारी दी गई, जिसकी प्राप्ति नहीं हुई है। इस बात पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। दरअसल 18 फरवरी को सुनवाई में डिवीजन बैंच ने आदेश दिया था कि नियमों, अधिसूचनाओं या बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बीसीआई नियमों में लाए गए किसी भी संशोधन को ठीक से पढ़ें और अगली सुनवाई की तिथि पर उचित प्रस्तुतिकरण करें, ताकि चुनाव कार्यक्रम अद्यतन नियमों, अधिसूचना के अनुसार तैयार किया जा सके और कोई अनावश्यक स्थगन न मांगा जाए। वहीं सचिव बार कौंसिल ऑफ इंडिया से शपथ पत्र के रूप में स्पष्टीकरण मांगा था कि 30 जनवरी 2015 की अधिसूचना द्वारा बीसीआई नियमों में लाए गए संशोधनों को छत्तीसगढ़ राज्य बार कौंसिल को अग्रेषित नहीं किया तथा विभिन्न प्रकाशनों में इसे प्रचारित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इस अधिसूचना द्वारा बीसीआई नियमों में लाए गए संशोधन का चुनाव कार्यक्रम तैयार करते समय ध्यान में नहीं रखा गया है, इसलिए सचिव राज्य बार कौंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ से भी 30 जनवरी 2015 की अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए एक नया शपथ पत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। आज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बैंच में हुई सुनवाई में बीसीआई और स्टेट बार कौंसिल की ओर से शपथ पत्र पेश कर दिया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों से कहा कि आप आगामी चुनाव का कोई शेडयूल तय करें और इस चुनाव शेडयूल को अदालत में प्रस्तुत करें। स्टेट बार कौंसिल की ओर से एडवोकेट पलाश तिवारी और बार कौंसिल ऑफ इंडिया की ओर से एडवोकेट शिवांग दुबे ने पक्ष रखा।

### भाजपा विधायक के सवाल पर स्पीकर ने समय पर पेमेंट के साथ दिए जांच के निर्देश

# किसानों को पिछले साल के गन्ने का पेमेंट नहीं मिला, बंद होने के कगार पर शक्कर कारखाना

### मंत्री ने कहा- आर्थिक संकट दूर करने विशेषज्ञों की सलाह लेकर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र में पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने की माली हालत पर विधायक भावना बोहरा ने बताया कि किसानों को 2023-24 का गन्ने का पेमेंट नहीं मिला है। न समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा और न ही बोनस का। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, सरकार इस पर गंभीर है। आर्थिक संकट दूर करने विशेषज्ञों की सलाह लेकर कार्यवाही की जाएगी। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने समयबद्ध पेमेंट के साथ सारे बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए।

भाजपा विधायक भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने का मुद्दा उठाते हुए कहा, क्षेत्र में शक्कर कारखाने की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। 8 हजार किसान गन्ना बेचते हैं। हर किसान के परिवार मे 5-6 लोग हैं। किसानों को अब तक 2023-24 का गन्ना का पेमेंट नहीं मिला है। न समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा और न ही बोनस का। विधायक ने बताया कि शुगर फैक्टरी पर 81 करोड़ का लोन था, जिसके एवज में ब्याज समेत 121 करोड़ पटाया जा चुका है। उन्होंने मांग की कि ब्याज की दर को घटाया जाए। साथ ही गन्ना पेराई की दर 350 रुपए दी जा रही है, जबकि प्राइवेट कंपनी में 450 रुपए दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि शक्कर कारखाना को सहकारिता विभाग से कम दर पर अतिरिक्त ऋण दिया जाए, ताकि उसका आर्थिक संकट दूर हो सके।

#### किसानों पर कुप्रबंधन का भार

विधायक ने कहा, कुप्रबंधन का भार किसानों पर पड़ रहा है। बीजेपी विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, नेता वहां जाकर अपने लोगों को काम देने का दबाव डालते हैं। एक हाईपावर कमेटी भेजकर उसकी समीक्षा कर शक्कर कारखाने की बेहतरी के लिए काम करें। मंत्री ने कहा, जल्द ही किसानों के भुगतान की व्यवस्था करेंगे। साथ ही कमेटी बनाकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। विधायक अजय चंद्राकर ने समय अवधि निर्धारण करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, हाई पावर कमेटी भेजकर तत्काल व्यवस्था कीजिए। मंत्री ने कहा, जल्द से जल्द कार्यवाही करेंगे।

#### कुप्रबंधन की वजह से यह स्थिति बनी- केदार

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, अध्यक्ष, आपके क्षेत्र में आपके सपनों को साकार करने शक्कर कारखाना बना है। यह एशिया के सबसे बेस्ट कारखाने में से एक है। सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकती है। इस कारखाने को कुप्रबंधन से बचाते हुए इसे नहीं बेचने का आश्वासन दीजिए। मंत्री ने कहा कि 2006 में यह कारखाना बना था। कुछ कुप्रबंधन की वजह से यह स्थिति बनी है। इसे बेहतर करने का काम करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समयबद्ध पेमेंट कराने का निर्देश देते हुए कहा, साथ ही सारे बिंदु पर जांच हो जाए।

### निधन की सूचना में देर, स्पीकर ने दोषी अफसरों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ विधानसभा में दिवंगत सदस्यों के निधन की सूचना में देर पर विधायकों ने सवाल उठाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने देर से निधन की सूचना मिलने पर नाराजगी जताते हुए दोषी अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, प्रशासन को स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी विधानसभा को दिवंगतों की सूचना देर से मिल रही है, इस पर आसंदी की ओर से व्यवस्था आनी चाहिए। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा, मैंने पूर्व में भी शासन को स्पष्ट निर्देश दिया गया था। किसी भी पूर्व सदस्य के निधन की सूचना देर से मिलना बहुत आपत्तिजनक है। दरअसल, डॉ. देवचरण मधुकर के निधन की सूचना विधानसभा सचिवालय को मिलने में देर हुई। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व विधायक डॉ. मधुकर का निधन 12 फरवरी को हुआ था, इसकी जानकारी सदन को 4 मार्च को प्राप्त हुई। स्पीकर ने कहा, मैं सरकार को निर्देशित करता हूं कि बिलासपुर जिले के दोषी अफसरों पर कार्रवाई की जाए। कार्रवाई की जानकारी सदन को इसी सत्र में दी जाए। विधानसभा में पूर्व विधायक डॉ. देवचरण मधुकर को सदन में गुरुवार को श्रद्धांजलि दी गई।

## कसडोल विधानसभा का एक गांव ऐसा भी जहां के ग्रामीणों ने कहा- हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं

### भरुवाडीह ग्राम के ग्रामीणों ने लिखा- इससे केवल खुदाई होगी, जिससे हमें परेशानी होगी




लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने जानकारी दी है कि जल जीवन मिशन में कसडोल विधानसभा के भरुवाडीह ग्राम के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन की आवश्यकता को ही नकार दिया। उनका कहना है कि इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के कारण यहां पर अब तक जल जीवन मिशन का काम शुरू नहीं हो पाया है।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक संदीप साहू ने कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य का मामला उठाया। उन्होंने कहा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा 2021-22 से जनवरी 2025 तक कौन-कौन से कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत हुए? अधूरे कार्य का विवरण दें? 118 गांवों का कार्य अब तक अपूर्ण है। 197 में से कितने ग्राम जलस्त्रोत विहीन हैं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि कसडोल विधानसभा 3 विकासखंड आते हैं, इस विधानसभा में 300 ग्राम हैं। 753 कार्य स्वीकृत हैं, 632 कार्य पूर्ण हैं। भरुवाडीह गांव के लोगों ने आवेदन देकर कहा, हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं है। हमारे घरों में नल है, इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी। जिसकी वजह से यह कार्य आप तक रुका हुआ है।

#### सड़क का कार्य आधे से ज्यादा पूर्ण

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सड़क के कार्य आधे से ज्यादा पूर्ण हो चुके हैं। जल जीवन स्कीम प्रगति पर है। विधायक ने इस पर सवाल किया कि कितने का जल स्त्रोत विहीन है? उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सोर्स के लिए लगातार हम कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा, जानकारी के अनुसार, 118 गांव में कार्य अपूर्ण है। जो अधिकारी इस योजना पर कार्य कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई करेंगे? उन्होंने कहा कि समय से अगर कार्य नहीं पूर्ण होता है, तो अधिकारियों और पर कार्रवाई करेंगे।

#### विधायक की उपस्थिति में होगी जांच

विधानसभा में आज कई विधायकों ने अपने क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर सवाल लगाए थे। कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने राजनांदगांव जिले में ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में इंटकवेल, जल शुद्धि करण प्लांट और एमबीआर निर्माण के निजी जमीन पर बनाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। मंत्री ने बताया कि चारागाह की जमीन पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगा है। विधायक ने इस पर कहा कि जमीन का खसरा और नक्शा में वह निजी कृषि जमीन है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच स्वयं की उपस्थिति में कराने की मांग रखी। मंत्री इसे स्वीकार करते हुए जांच कराने पर सहमत हुए।

## सौम्या, रानू, सूर्यकांत 10 तक ईओडब्लू की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

डीएमएफ घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को ईओडब्लू ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के साथ डीएमएफ घोटाला मामले में पहले से जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू की गुरुवार को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ईओडब्लू ने तीनों को विशेष अदालत में पेश किया। जांच एजेंसी ने तीनों से पूछताछ करने कोर्ट में पुनः आवेदन लगाया। ईओडब्लू के आवेदन पर कोर्ट ने तीनों को 10 मार्च तक पुलिस रिमांड की अनुमति दी है।

### डीएमएफ घोटाला मामले में ईओडब्लू ने तीनों से पूछताछ करने रिमांड पर लिया




डीएमएफ घोटाले को लेकर रजनीकांत तिवारी की डायरी में सौम्या चौरसिया तथा सूर्यकांत के नाम सामने आने के बाद ईओडब्लू ने दोनों को आरोपी बनाया है। आरोपी बनाए जाने के बाद जांच एजेंसी ने सौम्या, सूर्यकांत से पूछताछ करने रिमांड पर लिया। इसके साथ ही घोटाले के एक अन्य आरोपी रानू को भी पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। तीनों को रिमांड पर लेने के बाद डीएमएफ घोटाला से जुड़े एनजीओ संचालक मनोज द्विवेदी तथा कोरबा में आदिवासी विकास विभाग के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर माया वारियर को जांच एजेंसी ने पूछताछ करने 10 मार्च तक रिमांड हासिल की है।

## जिला अस्पताल में गहराया विवाद, स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंची शिकायत, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल में सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों के बीच शुरू हुआ विवाद अब गहराने लगा है। एक दिन पहले पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर से शिकायत करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों ने जांच में पहुंचे अधिकारियों के समक्ष एक स्वर में अपनी बात रखी और शिकायत दोहराई। इस दौरान जांच अधिकारी द्वारा सभी को अलग-अलग बयान लिखित में जमा करने कहा गया। दूसरी ओर इस मामले में डॉक्टर व स्टाफ नर्स के साथ स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने भी मोर्चा खोल दिया है। जूनियर डॉक्टर को सिविल सर्जन जैसे जिम्मेदार पद पर पदस्थ करने का मामला देखते हुए उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग संगठन ने की है। मामले की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री तक जा पहुंची है। वही इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर संगठन ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।



गौरतलब है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में बुधवार 5 मार्च को स्टाफ नर्स और डॉक्टर के साथ कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने सिविल सर्जन पर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने और उनसे दुर्व्यवहार करने की शिकायत की है। इस मामले को लेकर वे नारेबाजी करते हुए पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां ज्ञापन सौपा था। इस पर जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्य टीम गठित करके जांच के आदेश दिए गए। दूसरे दिन गुरुवार 6 मार्च को अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र ठाकुर के साथ सीएमएचओ सहित जांच टीम जिला अस्पताल पहुंची।

## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान ओड़गी में बवाल, कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

**खास बात**

- कांग्रेस का आरोप- मंत्री पति चुनाव को कर रहे थे प्रभावित

सूरजपुर जिलान्तर्गत जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर बवाल हुआ। इस दौरान भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया तथा एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की एवं हाथापाई की। उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया।



गुरूवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारियां चल रही थी। इस दौरान चुनाव को लेकर काफी गहमा-गहमी थी। जनपद पंचायत सभाकक्ष के बाहर बड़ी संख्या में भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे वहीं सभाकक्ष में भी भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर राम राजवाड़े जनपद सीईओ के कक्ष में समर्थकों के साथ मौजूद थे। जनपद सीईओ कक्ष में मंत्री पति के मौजूदगी को लेकर कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रत्याशी नित्यानंद पाठक भड़क गए तथा उन पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में मतदाताओं के अतिरिक्त अन्य के आने पर प्रतिबंध होने के बावजूद सीईओ की मौजूदगी में मंत्री पति मतदाताओं को बुलाकर उन पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि ठाकुर राम राजवाड़े ने कहा कि वे चुनाव को लेकर नहीं बल्कि कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियों के संबंध में सीईओ से चर्चा कर रहे थे। उनके बाहर निकलते ही कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भड़क गए तथा शोर मचाने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोक-झोंक हुई तथा कार्यकर्ताओं ने एक-दुसरे से धक्का मुक्की भी की। भाजपा पदाधिकारियों ने कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रत्याशी नित्यानंद पाठक पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए बाहर के व्यक्तियों को बुलाने एवं अप्रिय स्थिति निर्मित करने का आरोप लगाया है। इस दौरान पुलिस ने हंगामा मचाने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा है जिसे कांग्रेसी अपना कार्यकर्ता बता रहे हैं। इस दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिस द्वारा बीच-बचाव एवं हंगामें को शांत कराने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संबंध में एसडीओपी राजेश जोशी ने बताया कि दोनों पक्ष के लोग आपस में नोक झोंक कर रहे थे पुलिस द्वारा सभी को शांत कराया गया।

## शब्द पहेली - 5799



■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. प्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5798 का हल



## सूडोकु नवताल - 5809

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5808 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025







सिर्फ अभनपुर तहसील की रिपोर्ट ही चौंकाने वाली

# भारत माला घोटाला, चार गांवों में ही बड़ा खेल, 17 के नाम थी जमीन, 97 टुकड़े कर बांट दिए 43 करोड़ ज्यादा, भाई, बहन, बेटा, बेटी, नौकर-चाकर के नाम

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

रायपुर जिले के अभनपुर तहसील क्षेत्र में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बड़ा खेल खेला गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत चार ग्रामों में कुल 1.3939 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई थी, जिसके एवज में प्रभावित भू-स्वामियों को 29.5 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना था, लेकिन 43 करोड़ 18 लाख 27 हजार 627 रुपए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इन ग्रामों में इतनी बांटी गई मुआवजा राशि

अभनपुर क्षेत्र में जिन ग्रामों में 43 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया गया हैं, उनमें नायकबांधा, भेलवाडीह, टोकनी एवं उरला शामिल है। इनमें नायकबांधा में कुल 28 खसरा नंबरों का 1.8132 हेक्टेयर भूमि के एवज में 15815195 रुपए अधिक मुआवजा बांटा गया। इसी प्रकार ग्राम भेलवाडीह में कुल 4 खसरा रकबा 0.2238 हेक्टेयर भूमि के एवज में 8803208 रुपए, ग्राम उरला में कुल खसरा 7 रकबा 0.3070 हेक्टेयर भूमि के एवज में 26921415 रुपए तथा ग्राम टोकनी में कुल खसरा 5 रकबा 0.220 हेक्टेयर के एवज में 11874277 रुपए अधिक मुआवजा राशि बांटा गया है।



एसडीएम-पटवारी ने मिलीभगत कर दस्तावेज में किया हेरफेर, शासन को लगाया चूना

भारतमाला...बड़ा घोटाला, विस में गूंजा

एसडीएम के बाद अब तहसीलदार सस्पेंड

246 करोड़ का मुआवजा बंटा

भारतमाला प्रोजेक्ट रायपुर में 48.73 किलोमीटर होगी

भारतमाला प्रोजेक्ट का जवाब आधे घंटे पहले मिलने पर बिफरे महंत

सर्वे के ठीक पहले ही जमीन का बंटवारा

### 17 लोगों के नाम पर दर्ज थी भूमि 80 नए नाम चढ़ा दिए गए

जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अभनपुर क्षेत्र में रायपुर-विशाखापट्नम इकनोमिक कॉरिडोर सड़क निर्माण भारत माला परियोजना अंतर्गत चार ग्रामों के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए सर्वे किया गया। इस सर्वे तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य लोगों ने मिलकर भूमि के खसरा और रकबा में गड़बड़ी की गई है। जांच ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम पर बंट गया मुआवजा

जांच रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है, उनमें ज्यादातर ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर ही भूमि चढ़ा दी गई थी। इनमें किसी परिवार के 12, किसी के 10 तो कईयों के 7 से 6-5 सदस्यों के नाम पर भी भूमि दर्ज है। इनमें नौकर चाकर का भी नाम बताये जा रहे हैं। इस तरह इस घोटाला में दिल खोलकर रसूखदारों के परिवारों को भी फायदा पहुंचा गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रॉले से टकराई कार छह की मौत

जयपुर। राजस्थान के आबू रोड इलाके में तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई।



हादसे में एक महिला घायल हो गई। यह हादसा सिरोही के किवरली गांव के पास तड़के लगभग तीन बजे तब हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ट्रॉले से टकरा गई। कार में सवार लोग जालोर जिले के एक गांव के रहने वाले थे और अहमदाबाद से लौट रहे थे।

### उत्पादों के प्रचार के नाम पर ठगी, 13 गिरफ्तार

नोएडा। पुलिस ने विभिन्न उत्पादों का सोशल मीडिया पर प्रचार करने वाले ठगी वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।



पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर 63 के जी-ब्लॉक में स्थित एक 'कॉल सेंटर' पर छापा मारा। तीन महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया।

## मंदिरहसौद थाना इलाके में बड़ा हादसा, स्पॉट पर ही सभी सवारों ने दम तोड़ा

# टायर फटा, डिवाइडर से टकराकर कार उछली और ट्रक से भिड़ी पांच की मौत

*मंदिरहसौद इलाके में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। डिवाइडर से टकरा एक कार उछलती हुई ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार सभी पांच युवकों की मौत हो गई। सभी उरला इलाके के रहने वाले थे।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हादसा उमरिया गांव में मयूर कालेज के सामने दोपहर 1 बजे का है। बताया जा रहा है, मृतक उरला से तुमगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार का पिछला टायर फट गया और कार डिवाइडर पार कर तेज रफ्तार ट्रक के सामने टकरा गई। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कार एक्सीडेंट में उरला निवासी मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद मिराज खान उर्फ मिंटू, मोहम्मद किताबुद्दीन तथा अमजद खान की मौत हुई है। कार फिरोज की होने की बात सामने आई है। फिरोज का उरला में चिकन सेंटर है। सभी मृतक मूलतः बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतक रायपुर में लंबे अरसे से रहकर व्यवसाय के साथ अन्य कार्य कर रहे थे। सभी मृतकों की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एक की बॉडी उछलकर बाहर निकली

कार की ट्रक के साथ इतनी जबरदस्त भिड़ंत थी कि कार के सामने के हिस्से का कचूमर निकल गया। इसके साथ ही सामने की सीट पर बैठे एक व्यक्ति की बॉडी कार का शीशा तोड़ते हुए बाहर की तरफ निकल गई थी। कार ड्राइव फिरोज द्वारा करने की बात सामने आई है। एक व्यक्ति के चेहरे पर विंड स्क्रीन के टूटे हुए कांच का टुकड़ा बुरी तरह से घुस गया है।



### ग्रामीणों की ट्रैक्टर पलटी, 4 की मौत



जगदलपुर। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के मडोनार ग्राम के करीब बुधवार रात ट्रैक्टर पलटने से सवार 16 ग्रामीणों में 4 की मौत हो गई। वहीं अन्य ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में बुधवार को ग्रामीणों से भरा ट्रैक्टर पीडीएस का चावल लेकर गांव जा रहा था तभी नाला के ▶▶| शेष पेज 4 पर

आपसी विवाद हत्या का कारण

## चाचा ने तीन साल के मासूम की दे दी बलि!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

- आरोपी पुलिस की हिरासत में

जिले के पत्थलगांव की छातासरई पंचायत में अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र के चलते एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। तंत्र-मंत्र के झांसे में आकर एक सगे चाचा ने अपनी ही तीन साल की भतीजी की निर्ममता से हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या करने वाले चाचा हिरासत में ले लिया है। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि आरोपी का अपने भाई के साथ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर : मिश्रा

अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि कुछ लोग अंधविश्वास के कारण हमेशा शुभ-अशुभ के फेर में पड़ते हैं। यह सब हमारे मन का भ्रम है। शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर ही है। किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाए, मेहनत और ईमानदारी से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं और कुरीतियां अभी भी जड़ें जमाए हुए हैं, जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गांव में दहशत, मां का रो-रोकर बुरा हाल

इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में आक्रोश और भय का माहौल है। मासूम की मां रीता नाग अपनी इकलौती बेटी को इस तरह खोने के बाद बदहवास है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हत्या के बाद बच्ची के कटे सिर को घर में बने पूजा चूल्हे पर रखकर तंत्र-मंत्र करना शुरू कर दिया था।

# महाकुंभ में बड़े हमले की थी साजिश

एजेंसी/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से गुरुवार तड़के गिरफ्तार किया गया बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी लजर मसीह महाकुंभ के दौरान अशांति फैलाकर भारत से फरार होना चाहता था। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। संयुक्त अभियान में कौशांबी जिले से बीकेआई के सक्रिय आतंकवादी लजर मसीह को गिरफ्तार किया गया।



- बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार, खुले कई राज
- महाकुंभ में हमला कर भारत से भागना चाहता था आतंकी

### पाक एजेंटों से जुड़े तार

*डीजीपी ने बताया कि मसीह पाकिस्तान में आईएसआई के तीन एजेंटों के संपर्क में था। वह पूर्व में हथियारों और हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन 24 सितंबर 2024 को अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में इलाज के दौरान भाग गया था।*






स्कूलों ने निजी विद्यालयों से पूछी थी मर्जी

# सरस्वती शिशु मंदिर सहित 50% निजी स्कूल होंगे परीक्षा में शामिल, बाध्यता हटाने शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

- प्रदेश में सरस्वती शिशु मंदिर के 1100 ब्रांच ये सभी बनेंगे केंद्रीकृत परीक्षा का हिस्सा
- प्रदेश में 56 हजार 615 निजी विद्यालय, इनमें से 7 हजार 153 निजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश के 50% निजी विद्यालय पांचवीं-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें सरस्वती शिशु मंदिर के 1100 ब्रांच भी शामिल हैं। रायपुर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जिले के निजी विद्यालयों को खत लिखते हुए उनकी मर्जी पूछी गई थी। बुधवार तक स्कूलों से परीक्षा में शामिल होने अथवा नहीं होने के लिए सहमति पत्र देने कहा गया था। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी रायपुर के 50 प्रतिशत स्कूल केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होंगे। ना केवल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इधर... सूचना मिलने से ही इनकार

प्रदेश के कई जिलों में निजी स्कूलों से उनकी मर्जी पूछी जा रही है, लेकिन कई जिले ऐसे भी हैं जहां जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा न्यायालयीन आदेश की कॉपी प्राप्त ना होने की बात कहते हुए निजी स्कूलों को इससे राहत नहीं दी जा रही थी। तमाम तरह की शिकायतें आने के बाद अंततः स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखते हुए डीपीआई ने कहा है कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए जो विद्यालय परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें छूट दी जाए। जो परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, केवल उनके लिए परीक्षा आयोजित की जाए।

### छोटे और मंझोले स्कूल

परीक्षा में शामिल होने के लिए सहमति देने वालों में अधिकतर स्कूल छोटे और मंझोले हैं। बड़े शैक्षणिक संस्थान अब अपनी पृथक समय-सारिणी जारी कर रहे हैं। - राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन




# 73 किमी चलकर फिर रुक गया दुनिया का सबसे बड़ा आइसबर्ग, मचेगी तबाही या होगा फायदा?



**लंदन।** दुनिया का सबसे बड़ा आइसबर्ग ए23ए अंटार्कटिका से टूटकर 2020 में समुद्र में बहना शुरू हुआ था। यह हिमखंड ग्रेटर लंदन से भी दोगुना बड़ा है और इसका वजन लगभग एक ट्रिलियन टन है। इसकी दिशा साउथ जॉर्जिया द्वीप की तरफ थी, जिससे यह चिंता थी कि यह उससे टकरा सकता है या उसके पास उथले पानी में अटक सकता है। इससे वहां के वन्यजीवों, खासकर पेंगुइन और सील की भोजन व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह आइसबर्ग 1 मार्च से द्वीप से करीब 73 किलोमीटर दूर रुक गया है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के वैज्ञानिक एंड्रयू मेयर्स ने बताया कि अगर यह आइसबर्ग इसी जगह पर रुका रहता है, तो इससे वन्यजीवों को कोई गंभीर नुकसान नहीं होगा। आमतौर पर ऐसे हिमखंड दक्षिणी महासागर में जाते समय छोटे-छोटे टुकड़ों में टूटकर पिघल जाते हैं। हालांकि, जनवरी में इसका एक 19 किलोमीटर का टुकड़ा टूट गया था।



### जलवायु परिवर्तन बन रही वजह

*जहां तक जलवायु परिवर्तन की बात है, वैज्ञानिकों का कहना है कि इतने बड़े हिमखंडों का अलग होना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन हाल के वर्षों में अंटार्कटिका की बर्फ की चादरें बहुत तेजी से पिघल रही हैं। 2000 से अब तक 6000 अरब टन बर्फ खत्म हो चुकी है। जलवायु परिवर्तन की वजह से जमीन का औसत तापमान बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर वैश्विक तापमान 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया, तो समुद्र का जलस्तर इतनी ऊंचाई तक बढ़ सकता है कि यह वापस सामान्य नहीं हो पाएगा।*

### सबसे गर्म साल था 2024

*पिछला साल अब तक का सबसे गर्म साल था, जिसमें दुनिया भर में आग, बाढ़ और तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं देखी गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग इसी तरह जारी रही, तो भविष्य में और भी गंभीर असर देखने को मिल सकते हैं।*

### फायदा होगा या नुकसान?

*वैज्ञानिकों को अब यह देखना है कि यह आइसबर्ग आगे खिसकता है या यहीं अटका रहेगा। अगर यह अपने स्थान पर ही टिका रहा, तो यह वहां के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए लाभदायक भी हो सकता है। जब आइसबर्ग पिघलता है, तो पानी में कई तरह के पोषक तत्व घुल जाते हैं, जिससे समुद्री जीवों के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ सकती है। इससे पेंगुइन और सील समेत अन्य जीवों को फायदा हो सकता है। साउथ जॉर्जिया और साउथ सैंडविच द्वीपों पर लगभग 5 मिलियन सील और 65 मिलियन पक्षी रहते हैं। हालांकि, इस द्वीप के वन्यजीव पहले से ही कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। वहां हाल ही में बर्ड फ्लू का प्रकोप फैला था, जिससे कई पक्षी और अन्य जीव प्रभावित हुए।*

## रोचक खबरें

# अजब बिहार में गजब खेला! पीटी टीचर को थमा दिया केमिस्ट्री का कॉपी चेक, मच गया बवाल



**नालंदा।** इसे आप क्या कहेंगे, मानवीय भूल या फिर लापरवाही, जिसके कारण लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ जाए? जिस बोर्ड के भरोसे आप अपने बच्चों को शिक्षा की डिग्री थमा रहे हैं वही बोर्ड आपके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा हैं। यह मामला नालंदा का है, जहां जहां एक शारीरिक शिक्षक को बिहार बोर्ड की और से पूर्व में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में साइंस के पेपर की मूल्यांकन के लिए नियुक्त कर दिया हैं। दरसअल, नालंदा के एकंगरसराय स्थित डीन प्लस टू स्कूल चम्हेडी के पीटी यानि शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को साइंस की कॉपी चेक करने के लिए बोर्ड के द्वारा नियुक्ति पत्र थमा दिया गया। हालांकि, शिक्षक ने पदभार ग्रहण नहीं किया और निर्धारित मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचकर केंद्राधीक्षक को अपनी अस्वीकृति भी जाहिर कर दी। इसके बाद जिले में हड़कंप मच गया।

### क्या कहता है नियम?

बिहार बोर्ड के द्वारा इसके लिए प्रावधान बनाए गए हैं। हालांकि, बीपीएससी शिक्षकों की नियुक्ति से पहले जब शिक्षकों का आभाव था और कई विषयों के शिक्षकों की कमी थी, तो ऐसे में उस विषय से संबंधित पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके एवं विद्यालय में उक्त विषय का वर्ग संचालन का प्रभार सह रहे शिक्षकों को मूल्यांकन की अनुमति दी जाती थी। लेकिन, जब से बीपीएससी शिक्षकों की नियुक्ति हुई हैं। बोर्ड के पास अब शिक्षकों का आभाव नहीं हैं। ऐसे में सभी शारीरिक शिक्षकों को मूल्यांकन से दूर कर दिया गया हैं। इसका एक और पहलू है जो शिक्षा विभाग को विद्यालय से जोड़ता हैं। सभी उच्च विद्यालयों को आदेश है कि कॉपी मूल्यांकन से सम्बंधित जानकारी टीचर डायरेक्टरी के माध्यम से बोर्ड को सूचित किया जाए. इसकी जवाबदेही प्रधानाचार्य पर होती हैं।

# अमेरिका और चीन में कौन ज्यादा शक्तिशाली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन में दुश्मनी जगजाहिर है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों देशों के बीच खाई और ज्यादा बढ़ गई है। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में चीन के साथ ट्रेड वार का ऐलान किया है। इस पर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने कहा है कि उसका देश हर तरह के युद्ध के लिए तैयार है और उसे आखिरी तक अंजाम देगा। ऐसे में सवाल उठता है कि अमेरिका और चीन में कौन ज्यादा शक्तिशाली है। अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीन ने अमेरिका को युद्ध तक की धमकी दे दी है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ का ऐलान किया था। ऐसे में आशंका है कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है।

### सक्रिय सैनिक

*अमेरिकी सेना में सक्रिय ड्यूटी पर तैनात सैनिकों की संख्या 1328000 है। वहीं, चीनी से में तैनात सक्रिय सैनिकों की संख्या 2035000 है।*

### रिजर्व सैनिक

*अमेरिका के रिजर्व सैनिकों की संख्या 799500 है, वहीं चीन के पास रिजर्व सैनिकों की संख्या 510300 है।*

### कुल विमान

*अमेरिका के पास कुल विमानों की संख्या 13043 है। वहीं, चीन के पास कुल विमानों की संख्या 3309 है।*

### फाइटर एयरक्राफ्ट

*अमेरिकी वायु सेना के पास फाइटर एयरक्राफ्ट की कुल संख्या 1790 है, वहीं चीन के पास 1212 हैं।*

### डेडिकेटेड अटैक एयरक्राफ्ट

*अमेरिकी वायु सेना के पास डेडिकेटेड अटैक एयरक्राफ्ट की कुल संख्या 889 है, वहीं चीनी वायु सेना के पास ये 371 हैं।*

### ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट

*अमेरिकी वायु सेना के पास 918 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास इनकी संख्या 289 है।*

### एरियल टैंकर एयरक्राफ्ट

*अमेरिका वायु सेना के पास 605 एरियल टैंकर एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास इनकी संख्या 10 है।*




### रॉकेट लॉन्चर

अमेरिका के पास 641 रॉकेट लॉन्चर हैं, वहीं अमेरिका के पास इनकी संख्या 2750 है।

### नौसैनिक ताकत

अमेरिकी नौसेना का फ्लीट स्ट्रेंथ 440 है। वहीं, चीनी नौसेना का फ्लीट स्ट्रेंथ 754 है।

### एयरक्राफ्ट कैरियर

अमेरिकी नौसेना के पास 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, वहीं चीनी नौसेना के पास 3 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।

### हेलीकॉप्टर कैरियर

अमेरिकी नौसेना के पास 9 हेलीकॉप्टर कैरियर हैं, जबकि चीन के पास 4 हेलीकॉप्टर कैरियर हैं।

### पनडुब्बी

अमेरिकी नौसेना के पास 70 पनडुब्बियां हैं, वहीं चीन के पास 61 पनडुब्बियां हैं।

### विध्वंसक

अमेरिकी नौसेना के पास 81 विध्वंसक पोत हैं, वहीं चीनी नौसेना के पास इनकी संख्या 50 है।

### फ्रिगेट

अमेरिकी नौसेना के पास एक भी फ्रिगेट नहीं है, वहीं चीनी नौसेना के पास 47 हैं।

### कॉर्वेट

अमेरिकी नौसेना के पास 26 कॉर्वेट हैं, जबकि चीनी नौसेना के पास 72 कॉर्वेट हैं।

| | अमेरिका | चीन |
|---|---|---|
| हेलीकॉप्टर | 5843 | 913 |
| हमलावर हेलीकॉप्टर | 1002 | 281 |
| टैंक | 4640 | 6800 |
| आर्मर्ड व्हीकल | 391963 | 144017 |
| सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी | 671 | 3490 |
| टो आर्टिलरी | 1212 | 1000 |

# महिला ने 11 करोड़ की लॉटरी जीतने के बाद छोड़ दिया बॉयफ्रेंड




**न्यूयार्क।** किस्मत का खेल ऐसा है कि ये जब आपके ऊपर मेहरबान होती है तो आपको वो सबकुछ देती है। जिसकी उम्मीद आपको किसी से नहीं होती है। यही कारण है कि कई बार किस्मत बदलने के साथ-साथ इंसान की नीयत भी बदल जाती है और इससे जुड़े कई किस्से और कहानियां लोगों के सामने आए दिन वायरल होते रहते हैं। इसी कड़ी में एक किस्सा सामने आया है। जहां एक लड़की को 11 करोड़ की लॉटरी लगी, लेकिन जैसे ही उसकी किस्मत ने उसका साथ दिया, उसने अपने बॉयफ्रेंड का साथ छोड़ दिया और नया प्रेमी बनाकर उसके साथ घूमने लगी।

### एक्स बॉयफ्रेंड को जलाने के लिए किया ये काम

इतना ही नहीं, अपने बॉयफ्रेंड को जलाने के लिए उसने ईस्ट के लिए 55 लाख की बीएमडब्ल्यू गाड़ी खरीदी और दोनों ने मिलकर आइलैंड पर केटरिंग का बिजनेस करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, शार्लेट ने अपने पुराने प्रेमी को जलाने के लिए सोशल मीडिया पर उसको लेकर ऐसे-ऐसे कमेंट करना शुरू कर दिया, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी। ये कमेंट्स इंटरनेट की दुनिया में आते ही लोगों के बीच वायरल होने लगे। जिस पर लोग अपना-अपना रिएक्शन देकर उस पर मजे लेने लगे!

# 'डेट पर जाना है, मेकअप करा लो', स्टेशन पर खोली दुकान, 2 घंटे में कमा रही 3500 रुपए

**बीजिंग।** अगर आपके अंदर पैसा कमाने की ललक है, तो आप कुछ न कुछ ऐसा तरीका ढूंढ ही लेते हैं, जिससे पैसे कमा सकें। कुछ लोग सिर्फ शिकायतें करते हैं तो कुछ लोग ऐसे होते हैं जो कुछ अलग ही आइडिया लेकर आ जाते हैं। पड़ोसी देश चीन की रहने वाली एक लड़की ने कुछ ऐसा ही किया और वो ट्रेन स्टेशन पर अपना मेकअप स्टॉल लगाकर बैठ गई।



आपने मेकअप करने के लिए ब्यूटी पार्लर या मेकअप स्टूडियो देखे होंगे, लेकिन शायद ही आपने कभी ट्रेन के स्टेशन पर किसी को मेकअप का स्टॉल लगाए हुए देखा हो। आज हम आपको एक ऐसी लड़की से मिलवाएंगे, जो इस आइडिया से अच्छा-खासा कमा रही हैं।

### अजीबोगरीब बिजनेस

चीन में रहने वाली देंग क्विक्वि नाम की लड़की ने अजीबोगरीब बिजनेस खोल लिया हैं। जिस तरह लोग स्टेशन पर स्टॉल लगाकर चीज़ें बेचते हैं, उसी तरह ये लड़की सबवे स्टेशन पर अपना मेकअप स्टॉल लगाकर बैठी हैं। चॉन्गक्विंग में 14 फरवरी को उसने ये स्टॉल लगाया। वे शाम को 5 से 7.30 बजे तक ये स्टॉल खोलकर बैठती है और आते-जाते लोगों का फटाफट मेकअप करके पैसे कमाती हैं। ये सर्विस सिर्फ वीकडेज़ में भी मिलती है, वीकेंड पर भीड़ से बचने के लिए स्टॉल नहीं खुलता हैं।

# शानदार बंगले, स्वीमिंग पूल, कई गाड़ियां फिर भी रोज भीख मांगने जाता है परिवार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भिखारियों की कई ऐसी सक्सेस स्टोरी हैं, जिनसे पाकिस्तान के वज़ीर ए आज़म शहबाज़ शरीफ बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। पाकिस्तान में इन सक्सेसफुल भिखारियों को काफी इज्जत से देखा जाता है और उनके इंटरव्यू किए जाते हैं। पाकिस्तान इन भिखारियों में से कुछ के पास करोड़ों का बैंक बैलेंस है। कुछ के पास पॉश इलाकों में आलीशान कोठियां हैं तो कोई भीख मांगकर परिवार समेत मलेशिया शिफ्ट हो गया है।

पाकिस्तान में ऐसे इंटरव्यू इसलिए हो रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनकी सक्सेस स्टोरी से प्रभावित हो सकें और अपने पैरों पर खड़े हो जाएं। ना किसी हुनर..एक पैसे का इनवेस्ट किए बगैर...पाकिस्तान में भिखारी करोड़पति बन रहे हैं। शहबाज़ ने इसी पैटर्न को फॉलो करते हुए अब पाकिस्तान को भी नंबर वन बनाने की मुहिम शुरू कर दी है।



### गरीबी का रोना रोकर वसूल ली 5 लाख की भीख

नकाब पहन और छड़ी लेकर सड़कों पर निकलने वाली इस हुनरमंद पाकिस्तानी लड़की ने एक दिन में एक शख्स से 5 लाख रुपए की भीख तक वसूल ली, जिसे वह बड़े गर्व के साथ लोगों को बताती है। वह बताती है, वह बहुत अमीर था. उसने मेरी हालत देखकर मुझसे पूछा कि आप कहां रहती हैं और आपके घर वाले कहां हैं। मैंने उसे सब बताया। फिर उसने मुझे बोला मैं आपके घर आकर देखूंगा तो उसे दिखाने के लिए शो ऑफ कर दिया. बस एक छोटा सा कमरा दिखा दिया. बस कुछ टूटा फूटा सामान दिखा दिया. इससे उसको तरस आ गया और उसने 5 लाख रुपये की मदद कर दी।

### शहबाज़ ऐसे पीछे छोड़ेंगे हिंदुस्तान को?

लेकिन पाकिस्तान का वज़ीर ए आज़म किस तरह मुल्क के भिखारियों से प्रेरित हो रहा है। हम आपको एक-एक करके समझाते हैं। सबसे पहले आप मिलिए पाकिस्तान के मुल्तान के शौकत भिखारी से, जो अंग्रेजी बोलकर भीख मांगता है। पाकिस्तान में शौकत भिखारी का नाम काफी इज्जत से लिया जाता है।..क्योंकि, वो दिन रात मेहनत करके इतने बड़े आदमी बने हैं। शौकत भिखारी बहुत फख्र से पूरे पाकिस्तान को अपनी सफलता का राज़ बताते हैं कि किस तरह भीख मांगकर उन्होंने अपना बैंक बैलेंस इतना बढ़ा लिया। **span style="font-family:"Mangal","serif"">** शहबाज़ शरीफ भी अपने पैरों पर खड़े ऐसे पाकिस्तानियों पर फख्र करते हैं, क्योंकि वो हुक्मरानों से कुछ नहीं मांगते और पाकिस्तान के बैंकों में पैसा भी जमा करते हैं।

### बेसमेंट बना भिखारियों का मेकअप रूम



पीड़ित डॉक्टर ने बताया, मैंने देखा कि वो सारी फैमिली धीरे धीरे घर से गायब होना शुरू हो जाती थी। सारे लोग गाड़ियों में बैठते थे और पता नहीं कहां चले जाते थे. सारे बच्चे, बड़े सारे। एक दिन में घर पर अकेली थी तो मैं इनके बेसमेंट में गई तो वहां गेटअप्स वगैरह थे। कपड़े थे भिखारियों वाले वो वहां पर चेंज करते थे। फिर भीख मांगने जाते थे। ये लड़की जब उनके पीछे गई तो असलियत मालूम चल गई। उन्होंने लाहौर में जगह जगह ग्रुप्स बनाए हुए थे, जहां वो भीख मांगते थे। पाकिस्तान में ऐसी सक्सेस स्टोरियां भरी पड़ी हैं। सिर्फ देश ही नहीं पाकिस्तान के भिखारियों ने विदेशों में भी नाम कमाया है।

# 1 लाख 60 हजार रुपए में महिला ने बेच दिया अपना चेहरा



**लंदन।** पैसा कमाने के लिए आज के समय में लोग कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। जिसका खामियाजा उन लोगों को बाद में भुगतना पड़ता हैं। इसी तरह का एक किस्सा इन दिनों सामने आया हैं। जहां एक महिला ने 1,500 पाउंड यानी करीब 1 लाख 60 हजार रुपए में अपने चेहरे को ही बेच दिया और अब जब उसे इसकी सच्चाई पता चली तो वो दंग रह गई और ये सोच रही है कि उसने ऐसा क्यों किया! दरअसल हुआ यूं कि लूसी नाम की महिला ने अपने कई मशहूर हस्तियों की तरह अपना चेहरा एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्ट-अप को बेच दिया, जिसके लिए उसे कंपनी ने अच्छे खासे पैसे दिए। जिसको पाकर लूसी काफी ज्यादा खुश हो गई, लेकिन अब कंपनी ने बताया कि वो उसके चेहरे का इस्तेमाल कहीं भी कर सकते हैं, वो भी बिना उसके इजाजत के, क्योंकि कंपनी ने उससे उसका चेहरा ही खरीद लिया हैं।

### कैसे हो गया मॉडल के साथ खेल?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लूसी ने अपने चेहरे का अधिकार एक एआई स्टार्ट-अप को दे दिया। जिसका इस्तेमाल को लेकर उसने एक एग्रीमेंट भी साइन किया और इस प्रकिया के लिए लूसी को अपने एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए कई वीडियो रिकॉर्डिंग जमा करनी पड़ी। एक इंटरव्यू में उसने कहा कि मैंने उन्हें कई तरह के ऐसे वीडियो दिए जिन्हें बनाने में मुझे में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा! हालांकि, इस बात का अहसास मुझे उस समय हुआ, जब मेरे पास उनके दिए गए पैसे खत्म हो गए।

## धरती से 20000 गुना ज्यादा ताकतवर, कैमरे में कैद नजारा

# इस ग्रह के सिर पर नाच रही नीली रोशनी

**न्यूयार्क।** अंतरिक्ष हमेशा से रहस्यों और रोमांच से भरा रहा है। यहां बड़े ग्रह चमकते सितारे और अद्भुत खगोलीय घटनाएं वैज्ञानिकों के साथ-साथ आम लोगों को भी आकर्षित करते हैं। हाल ही में नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने बृहस्पति ग्रह पर एक ऐसा नजारा कैद किया, जिसने सभी को हैरान कर दिया. इस तस्वीर में बृहस्पति के ध्रुवों पर एक बेहद शक्तिशाली और खूबसूरत नीली रोशनी नाचती हुई नजर आई. इसे ऑरोरा कहा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह रोशनी धरती के उत्तरी या दक्षिणी ध्रुवों पर दिखने वाले ऑरोरा से सैकड़ों गुना अधिक ताकतवर है। इसकी ऊर्जा इतनी अधिक है कि यह पृथ्वी के उत्तरी प्रकाश की तुलना में 20000 गुना ज्यादा शक्तिशाली दिखाई देती है।

### चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका है

*असल में जूपिटर यानि कि बृहस्पति के इन चमकते ऑरोरा के पीछे उसके विशाल चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका है जो धरती के मुकाबले हजारों गुना अधिक शक्तिशाली है। खास बात यह है कि ये ऑरोरा केवल सौर हवाओं से नहीं बनते, बल्कि बृहस्पति के चंद्रमा 'इओ' की ज्वालामुखीय गतिविधियों से भी प्रभावित होते हैं। इओ के ज्वालामुखियों से निकलने वाली गैसें विशेष रूप से सल्फर और ऑक्सीजन बृहस्पति के शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र में फंस जाती हैं। ये कण वहां विद्युत धाराओं का निर्माण करते हैं जिससे ग्रह के ध्रुवों पर यह चमकदार रोशनी उत्पन्न होती है।*



### किसी चमत्कार से कम नहीं..

यह अद्भुत खगोलीय घटना न केवल वैज्ञानिकों के लिए रोमांचक है, बल्कि अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए भी किसी चमत्कार से कम नहीं। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों को देखकर लोग इसे अविश्वसनीय और शानदार कह रहे हैं। कुछ ने मजाक में यह भी कहा कि क्या हम इस खूबसूरत नजारे को देखने के लिए बृहस्पति जा सकते हैं! यह खोज हमें हमारे सौर मंडल की विशालता और रहस्यों के करीब लाने के साथ-साथ यह भी बताती है कि ब्रह्मांड में अभी बहुत कुछ ऐसा है जिसे जानना बाकी है।

### ऑरोरा बोरेलिस और ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस..

वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि धरती पर उत्तरी या दक्षिणी रोशनी ऑरोरा बोरेलिस और ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस अस्थायी होती है और सूर्य से आने वाली आवेशित कणों की वजह से बनती है। लेकिन, बृहस्पति पर ये प्रकाश हमेशा बने रहते हैं। इनका रंग मुख्य रूप से नीला और पराबैंगनी होता है जिसे केवल शक्तिशाली टेलीस्कोप या अंतरिक्ष मिशनों के जरिए ही देखा जा सकता है। नासा का जूनो मिशन और हबल टेलीस्कोप पिछले कई वर्षों से इन ऑरोरा का अध्ययन कर रहे हैं। जिससे वैज्ञानिकों को बृहस्पति के वायुमंडल, उसके चुंबकीय क्षेत्र और अंतरिक्ष मौसम को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिल रही है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### नहीं मिले डाक्टर

कुछ महीने पहले शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में फैकल्टी की कमी को पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर संविदा भर्ती निकाली गई थी। आस थी कि रायपुर कालेज के क्रेज को देखते हुए बड़ी संख्या में उम्मीदवार इसके लिए आवेदन करेंगे। वास्तविकता इसके विपरीत निकली और डेढ़ सौ से ज्यादा में केवल डेढ़ दर्जन पर भी भर्ती हो पाई। कई पद तो ऐसे थे जिसके लिए एक भी आवेदक सामने नहीं आया।

# मेडिकल कॉलेज 10, पढ़ाने वाले टीचर्स सिर्फ 437, चार सौ से ज्यादा पद खाली, जोड़-तोड़ कर टाला जा रहा जीरो ईयर

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर

राज्य में मेडिकल कालेजों की संख्या में इजाफा हो रहा है, लेकिन फैकल्टी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जैसे तैसे कॉलेज खुल रहे हैं, पर पढ़ाने के लिए टीचर्स नहीं हैं। आंकड़े बताते हैं कि राज्य के मौजूदा दस मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई के लिए विभिन्न श्रेणियों के लिए 847 पद स्वीकृत तो हैं, पर इनमें से सिर्फ 437 पद ही भरे हैं यानी 400 से ज्यादा पद खाली हैं। हालात यह हैं कि मेडिकल कॉलेजों को जीरो ईयर से बचाने हर दफा जोड़ तोड़ और गुणा-भाग का सहारा लेना पड़ रहा है।

बच्चों, अभी कुछ समय पहले ही एक बहुत रोचक बाल उपन्यास 'एक गुलाबी भैंसा अलग सा' छपकर आया है। यह टाइटल पढ़कर तुम सोच रहे होगे कि भैंसा वो भी गुलाबी! तुमने अब तो काले रंग की ही भैंस देखी होंगी। लेकिन इस किताब में एक नन्हे से गुलाबी रंग के भैंसे की ही कहानी है। वो नन्हा सा भैंसा अपने अलग आकार और रंग के कारण अपने समूह में बिल्कुल अलग दिखता है। उसकी सोच भी बहुत अलग है। उसके मन में कैसे-कैसे सवाल उठते हैं, वो क्यों किसी खतरनाक जानवर से भी नहीं डरता है, वह कैसे हर हाल में खुश रह लेता है, जंगल के सब जानवर उसे क्यों प्यार करते हैं? यह सब जानने के लिए तुमको यह रोचक किताब पढ़नी होगी। यह किताब पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। *



**किताब**: एक गुलाबी भैंसा अलग सा, **लेखक**: समीर गांगुली, **मूल्य**: 199 रुपए, **प्रकाशक**: फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

होली के ऐन पहले सार्थक के पापा का ट्रांसफर चेन्नई हो गया। वहां का अलग कल्चर, अलग भाषा, नए लोग, कोई दोस्त भी नहीं...। ऐसे में कैसी रही सार्थक की होली?

# होली वालतुक्कल!

सार्थक ने होली के त्योहार को लेकर क्या-क्या नहीं सोच रखा था, लेकिन ऐन मौके पर उसके पापा का ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। अब ट्रांसफर तो उनका होता ही रहता है। इसी बहाने सार्थक को नई-नई जगह घूमने का मौका मिलता है, उसे खूब मजा भी आता है। लेकिन होली पर यह ट्रांसफर, उफ!

सार्थक के पापा अफसर हैं। चेन्नई पहुंचने पर उनका शानदार वेलकम हुआ। उन्हें वहां फर्निश्ड और डेकोरेटेड फ्लैट मिला था। सार्थक की मम्मी ने चेन्नई निकलने से पहले होली को ध्यान में रखते हुए ढेर सारी गुझिया, कचरी, पापड़, चिप्स वगैरह बनाकर रख लिए थे। सार्थक ढेर सारा रंग, गुलाल और अलग-अलग तरह की चार पिचकारियां ले आया था। उसने कई जोड़ी नए कपड़े भी लिए थे। सार्थक के मम्मी-पापा साथ में झालर और होलिका दहन के लिए एक बोरी में रखकर गोबर के कंडे भी लेकर आए थे।

नए घर के बाहर भी साफ-सफाई करवा दी गई थी। यात्रा की थकान दूर होने के बाद मम्मी ने रंगोली बनाई। लकड़ियां इकट्ठा की गईं। पापा ने कंडे लगाकर होलिका सजा दी फिर पापा-मम्मी गुझिया लेने अंदर चले गए।



सार्थक अकेले ही अपनी पिचकारी हाथ में लिए उछल-उछल गाने लगा, 'होली आई, होली आई। हम मस्तों की टोली आई। पचक लगी, पच कंडा दे। होली आई, होली आई...।'

तभी उसे सामने से एक हमउम्र बच्चा आता दिखा। उसने हाथ जोड़कर सार्थक से कहा, 'वणक्कम।'

सार्थक उसकी भाषा तो नहीं समझा, लेकिन उसने भी नमस्ते कहते हुए हाथ जोड़ लिए।

उस बच्चे ने पूछा, 'एन्न पन्नुरिंगा?'

सार्थक फिर कुछ नहीं समझा। उसे चुप देख वह बच्चा बोला, 'एन्नाचु?'

सार्थक फिर चुप।

अब उसने जोर से आवाज लगाई, 'अप्पा! अक्का! नींगल वारंगल...।'

तुरंत ही पास के मकान से उस बच्चे के पापा और बड़ी बहन बाहर आ गए। इधर शोर सुन सार्थक के मम्मी-पापा भी आ गए। उन सभी का आपस में परिचय हुआ। उस बच्चे का नाम था शेखरन और उसकी बड़ी बहन थी राम्या। शेखरन के पापा हिंदी बोल लेते थे, लेकिन उनकी हिंदी मजेदार लगी। उन्होंने पूछा, 'आप लोग कब आईं? यह क्या कर रही हैं?'

पापा ने जब उन्हें होली के बारे में बताया तो वे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'फिर तो हमारा पोंगल का त्योहार भी थोड़ा वैसा। बस, हम रंग नहीं खेलते।'

पोंगल का नाम सुनकर सार्थक को अपनी टेक्स्ट बुक में पढ़ा हुआ पाठ याद आ गया। घरों को रंगा जाता है। पुराने सामान हटाए जाते हैं। होली की तरह ही फसल कटाई का उत्सव मनता है। पारंपरिक पकवान बनते हैं। सब नाचते-गाते हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ते हैं।

पापा उनसे बोले, 'आपके राज्य में तो वैसे भी कितने सारे रंग बिखरे पड़े हैं। मैंने चेन्नई का मरीना बीच देखा है। वहां तो रोज ही सुबह-शाम को होली जैसा नजारा होता है।

समुद्र का नीला पानी। दमकती सुनहरी रेत। ताड़ के हरे पेड़। लाल रंग का सूरज और रंग-बिरंगे कपड़े पहने घूमते ढेर सारे लोग।'

शेखरन के पापा जब कुछ बोलते तो राम्या के सिर पर हाथ फेरने लगते। इस बार तो राम्या के सिर पर लगा फूलों वाला गजरा ही खुलने लगा। वह पीछे हट गई। सब हंसने लगे।

उन्होंने बताया, 'वैसे यहां भी हम होली मनाते। उसे काम-दहनम बोलते। पर उसका तरीका थोड़ा डिफरेंट है। हां, कुछ बातें एक जैसी हैं। जैसे गोबर के गोले तो हम भी जलाते हैं।' उन्होंने होली के कंडों की ओर इशारा करते हुए कहा।

सार्थक बड़े गौर से शेखरन-राम्या के पापा की बातें सुन रहा था। उसे उनकी हिंदी बहुत मजेदार लगी। वह सोच रहा था कि अगर वह स्कूल में ऐसे बोले या लिखे तो मैडम कितनी डांट लगाएंगी। एग्जाम में तो नंबर ही कट जाएंगे।

तभी शेखरन ने सार्थक की पिचकारी को छूकर कहा, 'अप्पा, इद एन्नके बेनू' तो उसके पापा ने मना करने के अंदाज में उसे समझाया, 'इल्ले।'

मम्मी को समझते देर न लगी कि शेखरन पिचकारी मांग रहा है। वह जल्दी से अंदर जाकर पिचकारी ले आईं। सार्थक से कहा, 'यह अपने नए दोस्त को गिफ्ट करो।'

पिचकारी पाकर शेखरन 'नंद्री' कहते हुए मुस्कुराया। जैसे धन्यवाद दे रहा हो फिर सार्थक से बोला, 'नी पाडू।'

उसके पापा हंसे। बोले, 'यह कह रहा है, तुम गाओ।'

सार्थक को याद आया कि जब वह पिचकारी लिए गा रहा था, उसी वक्त तो शेखरन वहां आया था।

सार्थक गाने लगा। शेखरन भी उछलते हुए उसकी पंक्तियों को दोहराने लगा। अब तो वहां ढेर सारे लोग इकट्ठे हो गए।

शेखरन के पापा ने सार्थक के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम शेखरन को हिंदी सीखा देना। यह तुमको तमिल सीखाएगी।'

सार्थक ने हंसते हुए शेखरन को गले से लगा लिया।

मम्मी भी हंसीं, 'वाह! यह तो होली मिलन भी हो गया।'

वहां मौजूद सारे लोग जोर से तालियां बजाते हुए बोले, 'होली वालतुक्कल.. ! होली वालतुक्कल.. !'

उनकी भाषा भले ही समझ में न आ रही हो, लेकिन भावों से साफ जाहिर था कि वे कह रहे हैं, 'होली मुबारक..! होली मुबारक..!' *

बूझो तो जानें

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



1. रंग-मिलन का प्रिय त्योहार।
फागुन में आता हर बार।
लोग अबीर-गुलाल लगाते।
बोलो! कौन-सा पर्व मनाते?

2. होली आते ही कर देते
रंग खेलने की तैयारी।
किसमें भरकर रंग छोड़ते
जो सबको लगती है प्यारी?

3. भक्त प्रह्लाद को गोदी लेकर ,
जला देने की युक्ति रची थी।
भक्त प्रह्लाद बचे जलने से,
बुआ कौन, जो नहीं बची थी?

4. पिता प्रह्लाद का हिरण्यकश्यप
उसने पुत्र को बहुत सताया।
ज्योंही मार डालना चाहा
किसने आकर शीघ्र बचाया?

5. मौसम मनभावन हो जाता
ऋतुओं का राजा है कौन?
इस ऋतु में ही होली आती
नाम बताओ, रहो न मौन?

उत्तर : 1.होली 2.पिचकारी 3. होलिका 4. नृसिंह भगवान 5. बसंत

## जीके क्विज- 144



1. टाइम मैग्जीन ने 'वूमेन ऑफ द ईयर-2025' की लिस्ट में किस भारतीय महिला को शामिल किया है?
2. 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम का नाम क्या है?
3. अभी हाल ही में भारत के किस राज्य में महाकुंभ का समापन हुआ?
4. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम क्या है?
5. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
6. ब्रिटिश राज में भारत का प्रथम वायसराय किसे नियुक्त किया गया था?
7. किस भारतीय समाज सुधारक ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?
8. वन संरक्षण से संबंधित 'चिपको आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया था?
9. किस ग्रह को 'भोर का तारा' भी कहा जाता है?
10. रेडियो का आविष्कार किस साइंटिस्ट ने किया था?

**बच्चों, जीके क्विज-144 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-143 का उत्तर:** 1.रमन इफेक्ट, 2.जगदीश चंद्र बसु, 3.होमी जहांगीर भाभा, 4.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 5.बेंगलुरु, 6.महाराजा जयसिंह द्वितीय, 7.ज्ञानेश कुमार, 8.एन चंद्रशेखरन, 9.चितरंजन दास, 10.स्वामी दयानंद सरस्वती

**जीके क्विज-143 का सही उत्तर देने वाले:** रुशील-खैरागढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, दिव्या-बालोद

## रंग भरो-170

**रंग भरो-170** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डॉली, दुर्ग



वेदिका, बालोद



गणिका, झज्जर



रिद्धि-भिवानी



अर्पिता-दुर्ग



जिया-कोंडागांव

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

खुशबू-दुर्ग, रितिका-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बलौदा बाजार, अंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनिका-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंद-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, शुभम-बालोद

## रंग भरो 171



बच्चों, यहां होली खेलते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



# भारत ने 92 साल के इतिहास में खेले 13 आईसीसी फाइनल, जीते छह विश्व खिताब, 7वें का इंतजार

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच 9 को होगा खिताबी मुकाबला**

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत 25 जून 1932 से क्रिकेट खेल रहा है। इस दौरान भारतीय टीम ने 13 बार फाइनल में जगह बनाई है। 92 साल में भारत ने छह खिताब जीते हैं और 14वें फाइनल में 7वें खिताब जीतने पर ध्यान है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम 2025 में एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से पहले सभी प्रारूप मिलाकर कुल 13 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंचा है। इसमें से छह बार टीम खिताब जीतने में सफल रही है। भारत ने 1983, 2002, 2007, 2011, 2013 और 2024 में आईसीसी खिताब जीते हैं। अगर भारत रविवार को न्यूजीलैंड को हराने में सफल रहा तो यह उसका सातवां आईसीसी खिताब होगा, जबकि रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी।




**11 साल का इंतजार खत्म**

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था।

## मिलर ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठाए सवाल



**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुबई से लौटने के बाद लाहौर में दूसरा सेमीफाइनल खेलना उनकी टीम के लिए आदर्श स्थिति नहीं थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई थी। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक दुबई में डेरा डालना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी से शीर्ष स्थान पर रहा था और भारत के ग्रुप ए में चोटी पर रहने के कारण उसे सेमीफाइनल खेलने के लिए वापस पाकिस्तान लौटना पड़ा। मिलर ने कहा, 'यह भले ही एक घंटे और 40 मिनट की उड़ान है लेकिन कहने का मतलब यह है कि हमें ऐसा करना पड़ा। मैच के तुरंत बाद अगली सुबह हमें तड़के विमान पकड़ना पड़ा ताकि हम सही समय पर दुबई पहुंच सके। और सुबह 7.30 बजे हमें वापस आना पड़ा। यह अच्छी स्थिति नहीं थी। ऐसा नहीं है कि हमने पांच घंटे की उड़ान भरी और हमारे पास मैच के लिए पूरी तरह तैयार होने के लिए पर्याप्त समय था। लेकिन फिर भी यह कोई आदर्श स्थिति नहीं थी।'

## 25 साल बाद खिताबी मैच में भिड़ेंगे भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक बार फिर आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**भारत का खराब प्रदर्शन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | दौर | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 2000 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2003 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2014 | टी20 विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2019 | वनडे विश्व कप | सेमीफाइनल | हार |
| 2021 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |

**भारत बना चैंपियन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | परिणाम |
|---|---|---|
| 1983 | वनडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2002 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |
| 2007 | टी20 विश्व कप | चैंपियन |
| 2011 | नडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2013 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |

**प्राग मास्टर्स**

## अरविंद ने हासिल की बढ़त दूसरे स्थान पर प्रज्ञाननंदा



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने यहां चल रहे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली।

अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञाननंदा से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब जबकि केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज़, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

### लाइव रेटिंग में 5 भारतीय

अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष पंद्रह में प्रवेश किया।



## दुबई की अनजान पिच से बिठाना होगा तालमेल

**लाहौर।** न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है।

## भारत श्रीलंका में खेलेगा वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला

**27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा टूर्नामेंट**



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों प्रतिस्पर्धी टीमें चार-चार मैच खेलेंगी और टूर्नामेंट का आयोजन यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी।

**त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम**

| दिनांक | टीमें |
|---|---|
| 27 अप्रैल | भारत/श्रीलंका |
| 29 अप्रैल | भारत/द. अफ्रीका |
| 1 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 4 मई | भारत/श्रीलंका |
| 6 मई | भारत/द. अफ्रीका |
| 8 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 11 मई | फाइनल |

## 'सफेद गेंद' में भारतीय टीम के खेवनहार बने अक्षर

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बीच में जब केन विलियमसन खड़े थे तब अक्षर पटेल ने इस स्टार बल्लेबाज का विकेट लेकर फिर से साबित किया कि वह भारतीय टीम में सफेद गेंद के नए खेवनहार हैं। न्यूजीलैंड के सामने तब 250 रन का लक्ष्य था और विलियमसन 81 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर आगे बढ़कर लंबा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद ने उन्हें गच्चा दिया और बाकी काम विकेटकीपर केएल राहुल ने पूरा कर दिया। अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था।

## गुजरात की निगाहें जीत से प्लेऑफ पर



**लखनऊ।** लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। गुजरात जायंट्स के छह मैच में छह अंक हैं और उसके पास दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से आगे बढ़ने का बेहतरीन मौका होगा जो 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 3890/ लो.क.वि / न.पा.नि./ 2025 रायगढ़ दिनाँक 06-03-25

**ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 165611 | CONSTRUCTION OF ROAD FROM CHHATAMUDA MAIN TO BASTI AT WARD NO. 41 (2nd Call) | 48.44 | 24.03.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग (भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या: EPS/62/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/ डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 8123 डब्ल्यूसी आरटीपी-65B | वर्तमान न्यूनतम बोली (न्यूनतम कमी के अधीन) | 663 सेट. |
| 2 | 38241525 | संपूर्ण प्री फैब्रिकेटेड रेट्रोफिटा का सेट | 355 सेट. |
| 3 | 30251566 | फिएट बोगी के लिए सेकेंडरी वर्टिकल डैम्पर की खरीद | 2024 नग |
| 4 | 40242772 | ईओजी प्रकार के लिए आपातकालीन प्रकाश इकाई | 1204 नग |
| 5 | 80251012 | ट्रैक्शन मोटर बेयरिंग के लिए सर्वोप्लेक्स SHC-120 (IOCL) ग्रीस | 32075 किग्रा |

नियत तारीख: क्रमांक 1: 25.03.2025, क्रमांक 02 से 03: 01.04.2025, क्रमांक 4: 03.04.2025, क्रमांक 5: 04.04.2025. 50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक / 1247 / अधो. मद / न.पा.प./ 2025

डोंगरगढ़, दिनांकः 06/03/2025

**।। चतुर्थ मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अधोसंरचना मद अंतर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य। (कुल 05 कार्य)। | 14.76 | 12.03.2025 |

टीप:- निविदा की नियम व शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/81/25, दिनांक 03.03.2025.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा प्रपत्र की लागत ₹ | अर्नेस्ट मनी डिजाजिट ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 81251012 | 27.03.2025 | 10.30 | 00 | 1,03,550/- |

विवरण: लंबी आयु लोको साइड बफर अरेंबली (क्षमता: न्यूनतम 30 kj) RDSO ड्राइंग संख्या SK.DL-4748 (संशोधन-02) एवं विशिष्टता संख्या MP-0.41.00.03 (संशोधन 02) के अनुसार। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं। नोट: विवादास्पद स्थिति में अंग्रेजी पाठ संस्करण प्रामाणिक मानी जाएगी।

सीपीआर/10/540 वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**

CRGB

क्षेत्रीय कार्यालयः महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob:6232032095 I Tollfree 1800-233-2300, (PIN 492013)
E-mail:npa.ro.rai@cgbank.in I Web: www.cgbank.in

**सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अंतर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की नीलामी सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रमीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न ऋणियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत मांग सूचना जारी किया गया था एवं सरफेसी अधिनियम 13(4) के अंतर्गत बंधक संपत्ति पर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया है। बैंक की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित की वसूली हेतु निम्नलिखित बंधक अचल संपत्ति की "नीलामी जहाँ है जैसा है" के आधार पर किया जाना है:-

| क्रं. | संपर्क शाखा | ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना एवं राशि (रू.में)/ आधिपत्य की तिथि/कब्जा प्रकार | आरक्षित मूल्य (Auction Amount) | धरोहर राशि (EMD Amount) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संतोषीनगर मो.6232032030 | ऋणी:-1) श्री संतोष गुप्ता पिता श्री सूरज गुप्ता | श्रीमती संतोष गुप्ता की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरण:- मौजा:-ख.क्र.-981/4 नया प.ह.न.-49, रा.नि.मं.-रायपुर, कृष्णा नगर गली न.-6 गुढ़ियारी जिला-रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल:- 575 वर्ग फीट। चौहद्दी:- उत्तर-रास्ता, दक्षिण-राधाबाई का मकान, पूर्व-रास्ता, पश्चिम-नारायण का मकान। | 20.05.2022, रू.27,85,085/-+ ब्याज+ अन्य व्यय 30/08/2022/ भौतिक कब्जा | रू.18,95,000/- | रू.1,90,000/- |
| 2. | पुरानीबस्ती मो.8462898222 | ऋणी:-1) श्रीमती बाचला किरण पल्लीवार पति बाचला श्रीनिवास पल्लीवार 2) श्री बाचला श्रीनिवास पल्लीवार पिता बाचला नारायण दास पल्लीवार | श्रीमती बाचला किरण पल्लीवार पति बाचला श्रीनिवास पल्लीवार की बंधक संपत्ति (प्लाट) का विवरण:- मौजा:- ख.क्र.-15001/197 प्लाट नं.-479, 480 एवं 481 प.ह.न.-20, रा.नि.मं.-धरसींवा, जी के टाउनशीप,ग्राम-सिलतरा, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल:- 750*3=2250 वर्ग फीट चौहद्दी:- उत्तर-प्लाट नं.478, दक्षिण-प्लाट नं.482, पूर्व-रास्ता, पश्चिम-प्लाट नं.522 से 524 । | 08.02.2024, रू.19,15,603/-+ ब्याज+ अन्य व्यय 03/09/2024/ भौतिक कब्जा | रू.14,17,000/- | रू.1,42,000/- |

ऋणियों जमानतदारों, बंधककर्ता की सूचित किया जाता है कि बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चें का भुगतान नीलामी के पूर्व कर देवें। बिक्री पश्चात अन्य कोई शेष बकाया राशि की वसूली का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**नीलामी तिथि 21.03.2025 समय 12:00 बजे से**
**नीलामी स्थान :- छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय - रायपुर महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)**

नीलामी के नियम एवं शर्तें:- (1) **नीलामी जहाँ है जैसा है** के आधार पर हो रही है। (2) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी तक नीलाम की जा रही संपत्तियां भरमुक्त है फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व "संपत्ति पर भारित ऋण भार" संपत्ति का स्वत्वाधिकार दावे देय आदि जो किसी भी प्रकार से संपत्ति को प्रभावित करते हो के विषय में स्वतंत्र निरीक्षण एवं जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट होने के बाद ही निविदा जमा करें। संपत्ति का निरीक्षण सम्बंधित शाखा से संपर्क कर किया जा सकता है। **उपरोक्त संपत्ति एवं उन पर सभी प्रकार के वर्तमान एवं भावी प्रभार/ऋण / भार/दावे स्वत्वाधिकार जो कि बैंक की जानकारी में है या नही है के सहित विक्रय की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार से अन्य पक्षकार के दावे/अधिकार/देयता के प्रति उत्तरदायी नही होगा।** (3) इच्छुक निविदाकर्ता /खरीददार अमानत (धरोहर) राशि जो कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक A/c (ऋणी का नाम एवं शाखा का नाम) के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता /खरीददार शाखा का नाम, ऋणी का नाम स्पष्ट रूप से लिखकर निविदा राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वंय के पहचान पत्र, निवास प्रमाण, पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रतियाँ तथा मोबाइल नंबर, e-mail Id इत्यादि प्राधिकृत अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास दिनांक 20.03.2025 तक जमा करना होगा (5) सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि विक्रय मूल्य में समायोजित की जायेगी एवं असफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि वापस कर दी जायेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार को विक्रय मूल्य का 25% राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार करने पर आगामी दिवस (दिनांक 24.03.2025) को जमा करना होगा एवं शेष 75% राशि नीलामी तिथि से 7 दिनों के भीतर जमा करना होगा अन्यथा खरीददार द्वारा पहले भुगतान/जमा सम्पूर्ण राशि बैंक द्वारा जब्त कर ली जाएगी। भुगतान में चुक होने पर संपत्ति की पुनः बिक्री की जायेगी और उस पर खरीददार का किसी भी प्रकार का संपत्ति/राशि पर दावा मान्य नही होगा। (6) सफल खरीददार को स्टाम्प डयूटी, पंजीकरण शुल्क, संपत्ति कर आदि समस्त खर्चों का भुगतान स्वंय करना होगा। **(7) विक्रय संपत्ति पर बकाया शासकीय एवं अन्य भुगतान की जिम्मेदारी खरीददार की होगी।** (8) प्राधिकृत अधिकारी की यह पूर्ण अधिकार होगा की वह किसी भी बोली प्रस्ताव/प्रस्तावों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर दें या फिर बिना कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्थगित अथवा निरस्त कर दें। (9) बैंक द्वारा विक्रय की पुष्टि होने के पश्चात एवं भुगतान की शर्तों का अनुपालन होने पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विक्रय प्रमाण पत्र सफल निविदाकर्ता के नाम से ही जारी किया जावेगा। इसमें किसी अन्य व्यक्ति/संस्था का नाम जोड़ना/हटाना संभव नही होगा। (10) संपत्तियों की नीलामी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियमों/निर्धारित शर्तों के अधीन की जा रही है। (11) नीलामी हेतु निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 20.03.2025 तक क्षेत्रीय कार्यालय-रायपुर महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, (छ.ग.) रायपुर में जमा लिया जायेगा। (12) यदि किसी कारण से नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो नीलामी अगले कार्यदिवस में संपन्न होगी।

दिनांक 06.03.2025

प्राधिकृत अधिकारी,
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय - रायपुर



# 'एमएससीएन' जादुई नेट करेगा दुश्मन के रडार से लड़ाकू विमानों और तोप की रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते तकनीक के दौर में जहां भविष्य की लड़ाइयां बेहद जटिल होती जा रही हैं। दुश्मन की नजर से अपने अस्त्र-शस्त्रों को छिपाकर महफूज रखना बेहद मुश्किल हो गया है। उस वक्त पर रक्षा मंत्रालय के कानपुर स्थित उपक्रम ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड (टीसीएल) ने 'मल्टी स्पेक्ट्रल कैमोफ्लॉज नेट' (एमएससीएन) नामक एक ऐसा महत्वपूर्ण अनुसंधान किया है। जो किसी जादू से कम नहीं है। क्योंकि इसका प्रयोग करने के बाद लड़ाकू विमान, तोप जैसे बड़े हथियारों से लेकर सैनिकों की वास्तविक ग्राउंड पोजीशन दुश्मन के रडार की पकड़ से बाहर हो जाती है। साथ ही यह उसे हमेशा एक भ्रम की स्थिति में रखता है। रक्षा मंत्रालय के उच्च-पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि टीसीएल आयुध फैक्ट्री हजरतपुर की एक यूनिट है। जो सेनाओं के लिए वर्दी व अन्य जरूरी कपड़े जैसे उत्पाद बनाती है। हालिया किए गए प्रोडक्ट लाइन के विकास के बाद टीसीएल में कई नई चीजों को शामिल किया गया है।

## रक्षा मंत्रालय के उपक्रम टीसीएल ने स्वदेशी आधार पर विकसित किया यह महत्वपूर्ण उत्पाद

### स्वदेशी आधार पर किया विकास

टीसीएल ने इस नेट को देश के अंदर स्वदेशी आधार पर विकसित किया है। पूर्व में आयुध फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से इसकी सेनाओं को सप्लाई की जाती थी। लेकिन सेनाएं कभी इसे ओएफबी से लेती थीं तो कभी बाहर से आयात किया जाता था। दोनों ही स्थितियों में सेनाओं की मांग की पूरी तरह से पूर्ति की समस्या बनी हुई थी। लेकिन अब इसका घरेलू स्तर पर विकास होने से एक तो उत्पाद पर आने वाली कुल लागत घटेगी और दूसरा विदेशों पर निर्भरता भी कम होगी।



### ब्रेक पैराशूट का निर्यात करेगी टीसीएल

सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान की लैंडिंग के वक्त उसे रोकने के लिए प्रयोग किए जाने वाले ब्रेक पैराशूट को टीसीएल ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किए गए तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के जरिए विकसित किया है। पहले इनका रूस से आयात किया जाता था। लेकिन अब देश में इसका विकास करने के बाद टीसीएल को एक अन्य देश द्वारा ब्रेक पैराशूट को खरीदने के लिए कुल करीब 60 लाख रुपए का ऑर्डर दिया गया है।

### रामबाण बनी स्टेल्थ तकनीक

सूत्रों ने बताया कि एमएससीएन मूलरूप से एक कपड़े का नेट है, जिसमें स्टेल्थ तकनीक की प्रधानता है। इसका प्रयोग देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना) के मारक हथियारों और अन्य जरूरी आयुधों को ढकने के लिए किया जाएगा। नेट की खास बात यह है कि इसके जरिए दुश्मन के रडार या अन्य खोजी उपकरणों से आने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, विजिबल लाइट, इंफ्रा रेड और नॉन इंफ्रा रेड लाइट सैन्य हथियार तक नहीं पहुंचती है। ये पहले ही उसे रोक देता है। जिससे यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि अमुक स्थान पर मौजूद वस्तु वास्तव में क्या है? इस कपड़े को युद्ध, सैन्य अभियान में सैन्यकर्मियों द्वारा भी अपनी पहचान छिपाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

# कार्टून किरदार हमेशा दस्ताने क्यों पहनते हैं, आखिर क्या है रहस्य?

न्यूयार्क। बच्चे हों या बड़े, लोग कार्टून शोज़, फिल्मों या वेब सीरीज को बहुत पसंद करते हैं। इस वजह से जब सिनेमा घरों में ये फिल्में लगती हैं, तो बच्चों के साथ-साथ बड़े भी उन्हें देखने जाते हैं। यूं तो कार्टून से जुड़ी कई रोचक बातें हैं, जिनके बारे में लोगों को कम जानकारी होती है। सोशल मीडिया पर हाल ही में किसी ने सवाल किया कि आखिर कार्टून किरदार दस्ताने क्यों पहनते हैं?



### इस वजह से दस्ताने पहनते हैं कार्टून

न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के एनिमेशन इतिहासकार और प्रोफेसर जॉन केनमेकर के अनुसार पुराने समय में कार्टून किरदारों के शरीर के कोने नुकीले की जगह गोल कर दिए जाते थे, क्योंकि उसका डिजाइन बनाना आसान था। उस दौर में ब्लैक एंड व्हाइट कार्टून किरदार ही हुआ करते थे। तब दर्शकों को हाथ और शरीर में फर्क कर पाना मुश्किल होता था। तो हाथों के डिजाइन, उसकी नसों, रेखाओं, उंगलियों के आकार को आसान बनाने के लिए कार्टून किरदारों को दस्ताने पहनाए गए, क्योंकि उसमें ज्यादा डीटेलिंग नहीं होती थी। दूसरा कारण ये कि हाथों को काले शरीर से अलग करने के लिए उनके दस्ताने को सफेद कर दिया गया।

### डिजाइन को कम जटिल बनाने के लिए ऐसा किया

एक वेबसाइट के अनुसार डिज्नी के कई कार्टून किरदारों को आप सफेद दस्ताने पहने देखेंगे। इसका सबसे सीधा और आसान जवाब ये है कि कार्टूनों के डिजाइन को कम जटिल बनाने के लिए ऐसा किया जाता था। ये तो आप जानते ही होंगे कि पुराने समय में कार्टून कंप्यूटर ग्राफिक्स की मदद से नहीं बनते थे, बल्कि हर एक शॉट के लिए डिजाइनर को कार्टून का अलग-अलग स्केच बनाना बड़ता था।





### वॉल्ट डिज्नी ने भी दिया था जवाब

सबसे पहले वॉल्ट डिज्नी ने अपने किरदार मिकी माउस को दस्ताने पहनाना शुरू किया। वॉल्ट डिज्नी ने भी इस बात का कारण बताया था। उन्होंने बताया कि वो कार्टून किरदारों को इंसानों जैसा दर्शाना चाहते थे। वो मिकी माउस को चूहे जैसे हाथ नहीं देना चाहते थे। इस वजह से उन्होंने चूहे को दस्ताने दिए। उतने छोटे से दिखने वाले किरदार की 5 उंगलियां बनाने से वो काफी जटिल मालूम हो रहा था। इस वजह से एक उंगली भी कम कर दी गई थी। आज भी आप ऑगी एंड कॉकरोचेज़ जैसे कार्टून किरदारों के हाथ में दस्ताने देखेंगे।

**14 दिन की हिरासत में अभिनेत्री**

# अभिनेत्री रान्या से सोना-कैश समेत 17.36 करोड़ जब्त

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव इस वक्त डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के लिए किसी पहेली से कम नहीं हैं। बीते 3 मार्च को एक्ट्रेस को 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। उन पर गोल्ड स्मगलिंग का केस दर्ज है। कोर्ट ने जहां रान्या को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, वहीं पुलिस ने एक्ट्रेस के लावेल रोड स्थित आलीशान अपार्टमेंट से 2.1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 2.7 करोड़ रुपए कैश जब्त किए हैं। महज 33 साल की रान्या राव की यह गिरफ्तारी



इसलिए भी चौंकाने वाली है, क्योंकि वह भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डीजीपी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। राव इस वक्त कर्नाटक स्टेट पुलिस हाउसिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पद पर हैं। सोमवार, 3 मार्च की रात रान्या दुबई से बेंगलुरु लौटी थीं, जहां डीआरआई ने उन्हें तस्करी के सोने के साथ गिरफ्तार किया। रान्या इसे अपने बेल्ट में छिपाकर लाई थीं। 'माणिक्य' और 'पाटकी' जैसी कन्नड़ की पॉपुलर फिल्मों में काम कर चुकी रान्या की जब तलाशी ली गई, तो अधिकारियों के होश उड़ गए। एक्ट्रेस ने अपने शरीर, जांघों और कमर पर टेप लगाकर सोना छिपाया था। इसके लिए उन्होंने मॉडिफाइड जैकेट और रिस्ट बेल्ट पहने थे। दूसरी ओर, डीजीपी रामचंद्र राव ने रान्या से अपने सारे संबंध तोड़ने की बात कही है।

### एयरपोर्ट पर खुद को डीजीपी की बेटी बताकर बच निकलने की कोशिश

रान्या जब सोमवार को उतरीं तो उन्होंने खुद को कर्नाटक के डीजीपी की बेटी बताया। लोकल पुलिस से कॉन्टैक्ट कर उन्होंने एयरपोर्ट से निकालने की कोशिश भी की, लेकिन डीआरआई की टीम उन्हें बेंगलुरु हेडक्वार्टर ले गई। जांच के दौरान, रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के सिलसिले में दुबई गई थीं।

### 15 दिनों में 4 बार गईं दुबई

कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि रान्या राव बीते 15 दिन में 4 बार दुबई गई थीं। दिलचस्प है कि इन चारों ट्रिप में उन्होंने एक जैसे कपड़े पहने थे। इस कारण भी अधिकारियों को उन पर शक हुआ था। जांच में आगे पता चला है कि रान्या पिछले कुछ साल में करीब 30 बार दुबई गईं और हर बार वहां से कई किलो सोना तस्करी कर लाईं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रान्या को इस तस्करी के एवज में प्रति किलो सोना के बदले 1 लाख रुपए मिलते थे।

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम 108 साल की जापानी महिला

**तोक्यो।** दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम भले ही 108 साल की है लेकिन दुबली-पतली एवं सफेद बालों वाली इस जापानी महिला की तत्काल अपने काम से सेवानिवृत होने की कोई योजना नहीं है। शित्सुई हाकोइशी नामक इस बुजुर्ग महिला ने कहा कि इस सप्ताह 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' द्वारा औपचारिक मान्यता मिलने से उन्हें बहुत खुशी मिली है। इस अंतरराष्ट्रीय फ्रैंचाइज़ की ओर से आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में पुरुष



हज्जामों के लिए एक अलग श्रेणी है, लेकिन 2018 में 107 वर्ष की आयु में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले अमेरिका के एंथनी मैनसिनेली की इस बीच मृत्यु हो गई, जिससे हाकोइशी इस रिकॉर्ड की एकमात्र धारक रह गईं।

### किसान परिवार में जन्मी

नाकागावा के एक किसान परिवार में 10 नवंबर, 1916 को जन्मीं हाकोइशी ने 14 साल की उम्र में हज्जाम बनने का फैसला किया और तोक्यो चली गईं, जहां उन्होंने प्रशिक्षु के रूप में अपने हुनर को निखारा। उन्होंने 20 साल की उम्र में हज्जाम के रूप में लाइसेंस प्राप्त किया और अपने पति के साथ मिलकर एक सैलून खोला। हाकोइशी ने कहा कि वह अपनी कैंची छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.




Toll Free Number: 1800 266 0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant & Xtreme 160R 2V in Chattisgarh. ***Basis data available in the public forum for products in 160cc Motorcycle segment. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc and 160cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apna ka bank
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**
अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबाः शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेलीः महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापालीः साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415
FCB INTERFACE/3468/MARCH25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com